INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL (IQAC), SBKR GDC CHURIYALA, BHAGWANPUR, HARIDWAR.

3/आई0क्यू0ए0सी0बैठक–नोटिस/2021–22 दिनांक 23 अक्तूबर, 2021

## नोटिस

आन्तरिक गुणवत्ता एवं मूल्यांकन प्रकोष्ठ (आई0क्यू0ए0सी0) के समस्त सम्मानित सदस्यों से अनुरोध है कि प्रकोष्ठ की प्रथम साप्ताहिक बैठक के लिए आज दिनांक 23 अक्तूबर, 2021, शनिवार को अपराह्न 03:00 बजे आई0क्यू0ए0सी0 कक्ष में उपस्थित होने का कष्ट करें ताकि भविष्य की रूपरेखा बनाकर कार्यप्रारम्भ किया जा सके। बैठक के एजेण्डा बिन्दु संलग्न हैं।

(डा0 मु0 अब्दुल अलीम अन्सारी)
संयोजक, आई0क्यू0ए0सी0

1. डा0 अब्दुल अलीम अन्सारी – संयोजक
2. डा0 पीयूष पटेल
3. डा0 शनव्वर
4. डा0 शैलेन्द्र सिंह
5. डा0 दीप्ति मैठाणी
6. डा0 सचिन कुमार

INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL (IQAC), SBKR GDC CHURIYALA, BHAGWANPUR, HARIDWAR.

3/आई0क्यू0ए0सी0बैठक–ऐजेण्डा बिन्दु/2021–22 दिनांक 23 अक्तूबर, 2021

## ऐजेण्डा बिन्दु

1. गत बैठक दिनांक 09 अक्तूबर, 2021के कार्यवृत्त एवं तत्क्रम में कृत कार्यवाहियों पर चर्चा एवं पुष्टि।
2. नोडल अधिकारी द्वारा नैक के विषय में मुख्य बिन्दुओं पर प्रस्तुति एवं उसके पश्चात उसी क्रम में किस प्रकार कार्य प्रारम्भ किया जाए, कैसे आगे बढाया जाए, किस किस सदस्य को क्या भूमिका एवं दायित्व सौंपे जाएं, समिति से इतर अन्य प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं अन्य की क्या भूमिका हो सकती है, के विषय में पुनः चर्चा।
3. नैक प्रत्यायन हेतु आवश्यक विभागीय सूचनाओं का संग्रहण प्रारम्भ करने विषयक चर्चा।

23.10.2021
संयोजक

INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL (IQAC), SBKR GDC CHURIYALA, BHAGWANPUR, HARIDWAR.

## आई0क्यू0ए0सी0 बैठक दिनांक 23 अक्तूबर, 2021, अपरान्ह 03:00 बजे की उपस्थिति

| क्र.स. | नाम | उपस्थिति |
|---|---|---|
| 1 | डा0 अब्दुल अलीम अन्सारी | उपस्थित |
| 2 | डा0 पियूष पटेल | उपस्थित |
| 3 | डा0 शनव्वर | उपस्थित |
| 4 | डा0 शैलेन्द्र सिंह | उपस्थित |
| 5 | डा0 दीप्ति मैठाणी | उपस्थित |

PHOTOGRAPH OF IQAC MEETING DATED 23.10.2021 SATURDAY AT 03:00 PM

INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL (IQAC), SBKR GDC CHURIYALA, BHAGWANPUR, HARIDWAR.

3/आई0क्यू0ए0सी0बैठक–कार्यवृत्त/2021–22 दिनांक 23 अक्तूबर, 2021

**महाविद्यालय आई0क्यू0ए0सी0 की बैठक दिनांक 23 अक्तूबर, 2021, (शनिवार, अपरान्ह 03:00 बजे) का कार्यवृत्त**

उपस्थित सदस्यगण आई0क्यू0ए0सी0:–

1. डा0 अब्दुल अलीम अन्सारी – संयोजक
2. डा0 पीयूष पटेल
3. डा0 शनव्वर
4. डा0 शैलेन्द्र सिंह
5. डा0 सचिन कुमार
6. डा0 दीप्ति मैठाणी

आज दिनांक 23 अक्तूबर, 2021, शनिवार को अपरान्ह 03:00 बजे श्री बाबू कलीराम राकेश राजकीय महाविद्यालय चुड़ियाला, भगवानपुर में स्थित आन्तरिक गुणवत्ता मूल्यांकन प्रकोष्ठ (आई0क्यू0ए0सी0) कक्ष में प्राचार्य महोदय के अनुमोदन से प्रकोष्ठ की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रकोष्ठ संयोजक डा0 मु0 अब्दुल अलीम अन्सारी द्वारा की गई। अध्यक्ष द्वारा बैठक में प्रथम बार प्रतिभाग कर रहे, प्राचार्य महोदय द्वारा प्रकोष्ठ सदस्य के रूप में नामित डा0 सचिन कुमार का स्वागत किया गया। तत्पश्चात बैठक में विभिन्न ऐजेण्डा बिन्दुओं पर निम्नवत् चर्चा की गई–

**एजेण्डा बिन्दु 1:–** *गत बैठक दिनांक 09 अक्तूबर, 2021 के कार्यवृत्त एवं तत्क्रम में कृत कार्यवाहियों पर चर्चा एवं पुष्टि।*

गत बैठक के सर्वसम्मति से पारित कार्यवृत्त पर चर्चा में उसके विभिन्न ऐजेण्डा बिन्दुओं के अनुपालन के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। नैक प्रत्यायन की प्रक्रिया एवं प्रकोष्ठ के दायित्वों एवं कार्यकलापों के सम्बन्ध में इन्टरनेट पर नैक की आधिकारिक वेबसाईट से महत्वपूर्ण जानकारी का किसी भी सदस्य द्वारा अध्ययन न किए जा सकने पर खेद व्यक्त करते हुए गत बैठक में निर्णय लिया गया था कि उक्त जानकारी/सूचनाओं एवं भविष्य में अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं के आदान प्रदान के लिए प्रकोष्ठ का एक व्हाट्सएप्प ग्रुप एवं एक ईमेल आईडी बनाई जाए एवं सदस्यों को इन्टरनेट से डाउनलोडेड सुसंगत सूचनाएं उनके माध्यम से उपलब्ध कराई जाएं। तत्क्रम में एक व्हाट्सएप्प ग्रुप **IQAC GDC CHURIYALA** एवं एक ईमेल आईडी **iqacgdcchuriyala@gmail.com** बनाए गए एवं नैक प्रत्यायन की प्रक्रिया एवं प्रकोष्ठ के दायित्वों एवं कार्यकलापों के सम्बन्ध में इन्टरनेट पर नैक की आधिकारिक वेबसाईट से महत्वपूर्ण जानकारी डाउनलोड कर समस्त प्रकोष्ठ सदस्यों के साथ साथ सभी अन्य महाविद्यालय कार्मिकों को शेयर की गई। सभी से अपेक्षा की गई की वे भलीभांति उपलब्ध जानकारियों का अध्ययन कर महाविद्यालय के नैक प्रत्यायन में अपना अमूल्य योगदान दें। (**कार्यवाही– समस्त महाविद्यालय अधिकारी/कर्मचारीगण**)

**<u>एजेण्डा बिन्दु 2:–</u>** *नोडल अधिकारी द्वारा नैक के विषय में मुख्य बिन्दुओं पर प्रस्तुति एवं उसके पश्चात उसी क्रम में किस प्रकार कार्य प्रारम्भ किया जाए, कैसे आगे बढाया जाए, किस किस सदस्य को क्या भूमिका एवं दायित्व सौंपे जाएं, समिति से इतर अन्य प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं अन्य की क्या भूमिका हो सकती है, के विषय में पुनः चर्चा।*

नोडल अधिकारी द्वारा नैक के विषय में मुख्य बिन्दुओं पर प्रस्तुति दी गई। गत बैठक के ऐजेण्डा बिन्दु 2 के अन्तर्गत प्राचार्य महोदय के निर्देशानुसार उच्चादेशों द्वारा निर्धारित महाविद्यालय के कार्यकारी घण्टों (वर्किंग आवर्स) में से शिक्षण/कार्यालय कार्य आदि के उपरान्त भी बचे हुए बहुमूल्य समय का सदुपयोग करते हुए समस्त महाविद्यालय कार्मिकों से महाविद्यालय के नैक प्रत्यायन सम्बन्धी कार्यों का अध्ययन करने में तथा अपने अध्ययन के अनुरूप कार्ययोजना बनाने एवं उक्त कार्ययोजना तथा उसके अनुरूप किए गए कार्यों का विवरण नैक समिति/आन्तरिक गुणवत्ता मूल्यांकन समिति (आईक्यूएसी) को प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था तथा इस कार्य में सुविधा के लिए विभिन्न संयोजक भी नामित किए गए थे। किन्तु इस सम्बन्ध में कोई प्रगति न होने पर खेद व्यक्त किया गया एवं कारणों की समीक्षा/चर्चा की गई। उक्त कार्य को करने हेतु थोड़ा समय और दिए जाने पर सहमति हुई।

तत्पश्चात आगामी बैठकों में कार्यविभाजन कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। **(कार्यवाही– समस्त सदस्यगण)**

**<u>एजेण्डा बिन्दु 3:–</u>** *नैक प्रत्यायन हेतु आवश्यक विभागीय सूचनाओं का संग्रहण प्रारम्भ करने विषयक चर्चा।*

इस बिन्दु विचार करते हुए निर्णय लिया गया कि बिना और विलम्ब किए कोई भी एक बिन्दु चुनते हुए उससे सम्बन्धित सूचना विधिवत संग्रह करते हुए कार्य की शुरूआत कर दी जाए। इस सम्बन्ध में एक सुझाव समस्त प्राध्यापक गण के विविध अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियां एकत्र करने हेतु प्राप्त हुआ जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। इस कार्य हेतु सर्वसम्मति से डा0 पियूष पटेल को संयोजक नामित किया गया।

**(डा0 मु0 अब्दुल अलीम अन्सारी)**
संयोजक, आई0क्यू0ए0सी0

प्रतिलिपिः– प्राचार्य, रा0म0वि0 चुड़ियाला, भगवानपुर हरिद्वार महोदय की सेवा में अवलोकनार्थ/अनुमोदनार्थ।

2. समस्त सदस्यगण।

**(डा0 मु0 अब्दुल अलीम अन्सारी)**
संयोजक, आई0क्यू0ए0सी0